# 2023
# HINDI

*Total marks : 80* *Time : 3 hours*

***General Instructions:***
*I) Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*
*ii) The question paper consists of 16 questions. All questions are compulsory*
*iii) Internal choice has been provided in some questions.*
*iv) Marks allocated to every question are indicated against it.*
***N.B: Check to ensure that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## SECTION - A ( अपठित बोध )

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

आजकल सेल्फी का प्रचलन अत्यधिक बढ़ता जा रहा है। पहाड़ की चोटी पर, नदी के किनारे ऊँची-ऊँची अट्टालिकाओं की छत पर सड़क पर बाजार में ट्रेन में बस में आदि। सभी जगहों पर सेल्फी लेते दिख जाएँगे। कभी एकांकी, कभी मित्रों के साथ, कभी रिश्तेदारों के साथ पालतू जानवरों के साथ लोग सेल्फी लेते नजर आ-जाएँगे। दुनिया को अपना आत्मविश्वास व्यक्तित्व और अपनी अदा दर्शाने का आनंददायक जरिया बन गया है सेल्फी। आम आदमी अपनी किसी खास मुद्रा की किसी विशेष कोण से सेल्फी लेना है और उसे फेसबुक व्हाट्सऐप या इंस्टाग्राम जैसे सोश्यल मीडिया पर अपलोड कर देता है। ‘सेल्फी’ एक गढ़ा हुआ शब्द है। आज से कुछ वर्ष पहले तक इसे कोई जानता भी नही था । 2013 आते -आते यह इतना लोकप्रिय हो गया कि ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने इसे साल का सर्वाधिक प्रचलित शब्द “वर्ष का शब्द” घोषित कर दिया। सेल्फी लेने की शुरुआत 2011 से मानी जाती है। जब मकाऊ प्रजाति के एक बन्दर ने इंडोनेशिया में ब्रिटिश फोटोग्राफर डेविड स्लेटर के कैमरे का बटन दबाकर अपनी ही एक तस्वीर खींच ली थी । आखिर यह कोई छोटी-मोटी बात नहीं थी। मनुष्य जो काम पहले न कर सका, वह एक बन्दर ने कर दिखाया। इस प्रकार सेल्फी का उद्घाटन हुआ, लोग पहाड़ के किनारों पर, गहरी घाटियों के पास, समुद्र की भयंकर लहरों के साथ, खतरनाक जानवरों के साथ सेल्फी लेते हुए रोमांचित होते है। परंतु वे यह नहीं जानते कि ऐसा करना कितना खतरनाक है। बेशक सेल्फी ले परंतु इसका रोग न पाले।

a. आजकल क्या बढ़ता जा रहा है ? 1
b. सेल्फी किसको दर्शाने का आनंददायक जरिया बन गया है ? 1
c. आम आदमी अपनी खास चित्र को कहाँ ऑपलोड कर देता है ? 1
d. 2013 में ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने किस शब्द को ‘वर्ष का शब्द’ घोषित किया ? 1
e. सेल्फी की शुरुआत कब से मानी जाती है ? 1
f. डेविड स्लेटर कौन थे ? 1
g. सेल्फी लेने का नुकसान और फायदे का एक - एक कारण लिखिए ? 1
h. ‘समुद्र’ शब्द का एक पर्यावाची शब्द लिखिए ? 1
I. इस गद्यांश द्वारा हमें क्या शिक्षा मिलती है ? 1
j. उपर्युक्त गद्यांश के लिए शीर्षक लिखिए । 1

## Section - B (लेखन)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 100-150 शब्दों में लिखिए:-** 6

a. आपके विद्यालय में खेल-कूद के सामान की कमी है जिससे आपके विद्यालय की टीमे खेलो में न अच्छा प्रदर्शन कर पा रही है और न कोई पदक जीत पाती है। इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

अथवा

b. आप रिर्पोटर जॉन किकोन है। आप के कॉलोनी में पैसे तथा अन्य वस्तुओं के चोरी हो जाने के सम्बन्ध में किसी एक समाचार पत्र के लिए एक विवरण तैयार कीजिए।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में लिखिए ।** 4

a. अपनी बहन की शादी में बुलाते हुए अपने चाचा और चाची जी को एक निमंत्रण पत्र लिखिए:

अथवा

b. बिजली आपूर्ति में समस्या होने के कारण राहुल और सोहम रात को ठीक से पढ़ नही पाते है। बिजली की इस समस्या को लेकर दोनों के बीच हुए एक संवाद लिखिए।

## Section - C ( व्याकरण )

**4. निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए:**

a. 'यशोदा' - शब्द का सन्धि विच्छेद है - 1

(i) यशो + दा (ii) यश + दा (iii) यशः + दा (iv) यशोदा + आ

b. 'दशानन' शब्द कौन सा समास है ? 1

(i) अव्ययीभाव (ii) बहुव्रीहि (iii) व्दिगु (iv) तत्पुरुष

c. 'से, के द्वारा' - किस कारक का चिन्ह्र है ? 1

(i) अधिकारण कारक (ii) अपादान कारक (iii) सम्बोधन कारक (iv) करण कारक

d. 'चाल-ढाल, में कौन सी पूनरुक्ति है ? 1

(i) पूर्ण पुनरुक्ति (ii) अपूर्ण पुनरुक्ति (ii) अनुकरणवाचक पुनरुक्ति (iii) कोई नही

e. "माँ जी खाना पका रही है" - कौन से काल में है ? 1

(i) भूतकाल (ii) वर्तमान काल (iii) भविष्यत काल (iv) कोई नही

**5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:** 1+1=2

(a) सोना (b) तम

**6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:** $4 \times {}^{1}/_{2} = 2$

(a) रक्षा (b) प्रेम (c) गुरु (d) शत्रु

**7. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए:** $4 \times {}^{1}/_{2} = 2$

(a) सेवक (b) युवा (c) पुजारी (d) वधु

**8. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए:** 1+1=2

(a) दृष्टि जमना (b) कलेजा काँपना

**9. न, नहीं, मत के उचित प्रयोग से खाली स्थान भरिए:** 1+1=2

a. आप मेरे लिए कष्ट ------ करे ।

b. कल वह मेरे घर -------- आयी थी ।

10. **निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए:**

(a) Who teaches you hindi ? 1

(b) She has a high fever 1

(c) He is too weak to walk 1

(d) I am pleased to meet you 1

(e) My ring is made of gold. 1

**Section - D ( साहित्य )**

11. **निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए:**

(a) गजाधरबाबू दुबारा कौन से पद में नौकरी करने चले गए ? 1

(i) कार्यवाहक (ii) चौकीदार (iii) मैनेजर (iv) अध्यापक

(b) व्यवसायिक संस्कृति का जड़ कहाँ है ? 1

(i) यूरोप (ii) जर्मनी (iii) अमेरिका (iv) भारत

(c) भाषण देने का पहला मौका किसका था ? 1

(i) लेखक (ii) विद्यार्थी (iii) संचालक (iv) अतिथि

(d) रहीम जी का जन्म कहाँ हुआ था ? 1

(i) ग्वालियर (ii) लाहौर (iii) इलाहाबाद (iv) गुजरात

(e) 'अकाल और उसके बाद' कविता के कवि कौन है ? 1

(i) नागार्जुन (ii) हरिवंश राय बच्चन (iii) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (iv) उषा प्रियंवदा

12. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए:**

(a) पानी में बहते हुए नाखून को देखकर असाओं क्यों समझ गया कि वह नाखून आरमा का ही है ? 2

(b) विद्यार्थी के भाषण पर श्रोताओं ने तालियाँ क्यों पीटी ? 2

(c) पीला, नीला एवं हरा सियार किसका प्रतीक है ? 2

(d) बिहारी के अनुसार समाज में कैसे लोगों को सम्मान मिलता है ? 2

(e) घर में रहनेवाले मानव और जीव-जन्तुओं की किस समान भावना को कवि ने प्रकंट किया है ? 2

(f) 'तेरा देवता वही चला गया है' पंक्ति से कवि का क्या अभिप्राय है ? 2

13. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए:**

(a) समधी के यहाँ विवाह में भाग लेने के लिए सोमा बुआ ने क्या-क्या तैयारियाँ की थी ? 4

अथवा

गंजाधर बाबू को अपनी पत्नी की कौन-कौन सी बातें याद आती थी ?

(b) नाम बड़ा होने से गुणवान् नहीं होता, यह किसप्रकार बिहारी ने सिद्ध किया है ? 4

14. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

गीत मेंरे देहरी के दीप - सा बन
एक दुनिया है हृदय में मानता हूँ,
वह घिरी तम से इसे भी जानता हूँ।
छा- रहा है किन्तु बाहर भी तिमिर घन
गीत मेरे देहरी का दीप - सा बन
प्राण की लौ से तुझे जिस काल बारूँ
और अपनी कण्ठ पर तुझको सवाँरू,

कह उठे संसार आया ज्योति का क्षण
गीत मेरे देहरी का दीप - सा बन ।

(a) कवि के हृदय की दुनिया किससे घिरी हुई है ? **1**

(b) कवि किसे देहरी के दीप जैसा बनने को कह रहा है ? **1**

(c) बाहर की दुनिया में क्या छाया हुआ हैं ? **1**

(d) कवि किसको अपने कण्ठ पर सवाँरना चाहता हैं ? **1**

(e) आया ज्योति का क्षण ? कौन कह उठेगा ? **1**

**15. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

(a) नगर-भर में एक मुरलीवाले के आने का समाचार फैल गया । लोग कहने लगे, "भाई वाह ! मुरली बजाने में वह एक ही उस्ताद है ।" मुरली बजाकर गाना सुनाकर वह मुरली बेचता भी है । सो भी दो - दो पैसे में । "भला इसमें उसे क्या मिलता होगा ? मेहनत भी तो न आती होगी ।" एक व्यक्ति ने कही पूछ लिया "कैसा है वह मुरलीवाला, मैंने तो उसे नही देखा ।" उत्तर मिला - उम्र तो उसकी अभी अधिक न होगी, यही कोई तीस चालीस साल का होगा । दुबला - पतला, गोरा युवक हैं, बीकनेरी रंगीन साफा बाँधता है ।

(i) नगर - भर में किसके आने का समाचार फैल गया ? **1**

(ii) लोग मुरलीवाले के बारे में क्या-क्या कहने लगे ? **1**

(iii) मुरलीवाला कितने पैसो में मुरलियाँ बेचता था ? **1**

(iv) मुरलीवाला कितने उम्र का था ? **1**

(v) वह देखने में कैसा था ? **1**

अथवा

(b) भारत में गुरू शिष्य सम्बन्ध का यह भव्य रूप आज साधुओं, पहलावानों और संगीतकारों में ही थोड़ी-बहुत ही सही, पाया जाता है। भगवान रामकृष्ण बरसों योग्य शिष्य को पाने के लिए प्रार्थना करते रहे। उनके जैसे व्यक्ति को भी उत्तम शिष्य के लिए रो-रोकर प्रार्थना करनी पड़ी थी। इसी से समझा जा सकता है कि एक गुरु के लिए उत्तम शिष्य कितना महँगा और महत्वपूर्ण है। सन्तानहीन रहना उन्हें दुःख नहीं देता पर बगैर शिष्य के रहने के लिए वे एकदम तैयार नही होते ।

(i) आज भारत में गुरु-शिष्य संबंध का भव्यरूप किन - किन लोगों में पाया जाता है ? (1)

(ii) एक गरु को कैसे शिष्य की चाह रहती है ? (1)

(iii) भगवान रामकृष्ण को उत्तम शिष्य पाने के लिए क्या करना पड़ा था ? (1)

(iv) एक गुरु के लिए सबसे महँगा और महत्वपूर्ण चीज क्या हैं ? (1)

(v) सन्तानहीन रहना उन्हे दुःख नही देता पर बगैर शिष्य के रहने के लिए वे एकदम तैयार नहीं होते ।
यहकथन किसके लिए कहा गया है ? (1)

**16. निम्नलिखित पद्यखण्ड की संदर्भ सहित सप्रसंग व्याख्या कीजिए:**

(a) "सब तरह से आज जितने देश है, फुले-फले। **1+1+3=5**
बुद्धि, विद्या, धन विभव के हैं जहाँ डेरे डाले ।।"

अथवा

(b) रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिए डारि ।
जहाँ काम आवै सुई, कहा करै तरवारि ।।

**********